प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

17 जून 2023

बैंकनोट संबंधी स्पष्टीकरण

भारतीय रिज़र्व बैंक को मीडिया के कतिपय वर्गों में प्रसारित हो रही रिपोर्टों के बारे में पता चला है, जिसमें बैंकनोट प्रिंटिंग प्रेसों द्वारा मुद्रित बैंकनोटों के गायब होने का आरोप लगाया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता है कि ये रिपोर्ट सही नहीं हैं।

ये रिपोर्ट, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्रिंटिंग प्रेसों से एकत्र की गई जानकारी की गलत व्याख्या पर आधारित हैं। यह ध्यातव्य है कि प्रिंटिंग प्रेसों से भारतीय रिज़र्व बैंक को आपूर्ति किए जाने वाले सभी बैंक नोटों का लेखा-जोखा ठीक से रखा जाता है। इसके अलावा, यह भी सूचित किया जाता है कि प्रेसों में मुद्रित और भारतीय रिज़र्व बैंक को आपूर्ति किए गए बैंकनोटों के मिलान के लिए सुदृढ़ प्रणालियां मौजूद हैं, जिनमें बैंकनोटों के उत्पादन, भंडारण और वितरण की निगरानी के लिए प्रोटोकॉल शामिल हैं।

अतः, जनता से अनुरोध है कि वे ऐसे मामलों में समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रकाशित सूचना पर विश्वास करें।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/428